# दिल ले गया सांवरिया सरकार भजन लिरिक्स

दिल ले गया सांवरिया सरकार,
कोई कर दे मेरा उपचार,
मैं तो पड़ गई हूँ बीमार,
दिल ले गया दिल ले गया,
सांवरिया सरकार।bd।

---

सजनी श्याम सलोना जबसे,
नैनन आय समाया,
प्रेम दीवानी कर डारी या ने,
मन में नेह जगाया,
चढ़ा इश्क़ का मोहे बुखार,
दिल ले गया दिल ले गया,
सांवरिया सरकार।bd।

---

प्रेम खुमारी ऐसी चढ़ गई,
जोगन श्याम की होई,
भूल भाल के दुनिया मैं तो,
रोगन श्याम की होई,
छाया चित में मेरे खुमार,
दिल ले गया दिल ले गया,
सांवरिया सरकार।bd।

---

सबने मिलकर मरज़ दिखाई,
वैध हकीम बुलाये,
दवा कोई भी काम ना आई,
दिल की बीमारी बताये,
कोई दिल से कर दो पुकार
दिल ले गया दिल ले गया,
सांवरिया सरकार।bd।

---

पागल कर डारी गोपाली,
कुञ्ज बिहारी बुला दो,
गुरु कृपा से करके चारा,
मेरी जान बचा दो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रहूं उसकी शुक्र गुज़ार,
दिल ले गया दिल ले गया,
सांवरिया सरकार।bd।

दिल ले गया सांवरिया सरकार,
कोई कर दे मेरा उपचार,
मैं तो पड़ गई हूँ बीमार,
दिल ले गया दिल ले गया,
सांवरिया सरकार।bd।

**Singer – Shri Kunj Bihari Das Ji Maharaj**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com